>

Title: Regarding the construction of proposed bridge in Kaliichwar, Jaunpur(U.P.)

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): धन्यवाद, अध्यक्ष जी । मैं आपको बताना चाहता हूं कि सूबे की जो पूर्ववर्ती सरकार थी, उसने जन कल्याण की कई योजनाएं जनता की भलाई के लिए चालू की थीं, जैसे मेडिकल कॉलेज आदि बनाना, लेकिन सूबे की मौजूदा सरकार ने उन योजनाओं को ठण्डे बस्ते में डाल दिया है । पता नहीं ऐसा क्यों किया गया है, जबकि करोड़ों रुपये उन योजनाओं के लिए लगाए जा चुके हैं । उसी तरह से, एक योजना, जिसे पिछली सरकार ने पुल बनाने के लिए पास किया था, जिसमें जौनपुर में कालीचावार में गोमती नदी पर पुल निर्माण कार्य प्रस्तावित था । उसकी डीपीआर भी बन गई थी, पैसा भी सैंक्शन हो गया था, लेकिन उस पर कोई काम नहीं चल रहा है, उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है । जैसा मैं पहले भी कह चुका हूं, जौनपुर जनपद में अन्य सभी समस्याओं के अलावा, सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम की समस्या है ।

मैं आपके माध्यम से प्रदेश की मौजूदा सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि यदि उस पुल को कालीचावार में बनाया जाए तो मड़ियाहूं से मछली शहर तहसील के लोगों के लिए सीधे शाहगंज रोड तक जाने का मौका होगा और जौनपुर शहर को जाम से निजात दिलाने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी । इससे जौनपुर शहर को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी । मैं आपके माध्यम से उस पुल को कलीशाबाद में बनाने का अनुरोध करना चाहता हूं ।